प्रथम सूचना रिपोर्ट
दं0प्र0सं0 की धारा 154 के अन्तर्गत

1. जिला पंचकूला थाना राज्य चौकसी ब्यूरो, पंचकूला वर्ष 2015 प्र0सु0रि0स0 06
   दिनांक 31.7.2015
2. धारा 7 पी0 सी0 एक्ट 1988
3. (क) अपराध की घटना : दिनांक 31.07.2015
   (ख) थाने में सूचना प्राप्त होने की तारीख : दिनांक 31.7.2015 समय 7:30 पी0एम0.
   (ग) रोजनामचा रिपोर्ट क्रम संख्या : 09
4. सूचना का प्रकार : लिखित
5. घटनास्थलः (क) दूरी लगभग 100 कि0मी0 पूर्व दिशा यमुनानगर ।
6. शिकायतकर्ता / सूचनादाता
   नाम कृष्ण लाल
   पिता का नाम श्री जनकराज
   राष्ट्रीयता भारतीय
   व्यवसाय मजदूरी
   पता गांव रटौली तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर
7. ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्तों का पूरा विवरण
   रामकुमार कर्मचारी समाज कल्याण यमुनानगर ।
   लिंग पुरूष
   भाषा हिन्दी
8. सूचनादाता द्वारा देरी से सूचना दिये जाने का कारण कोई नहीं।

सेवा मे निरीक्षक राज्य चौकसी ब्यूरो यमुनानगर, श्रीमान जी, निवेदन है कि मै कृष्ण लाल पुत्र श्री जनकराज जाति वाल्मिकी गांव रटौली तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर का रहने वाला हूॅ। मै मजदूरी का काम करता हूॅ । गांव मे मेरा ताऊ जी श्री रोशन लाल व ताई श्रीमती राजो देवी रहते है । जो बजूर्ग अवस्था मे मैने इन दोनो के फार्म भर कर तसदीक करवाकर Old age Identity card बनवाने के लिए समाज कल्याण दफतर मे रामकुमार कर्मचारी को फार्म एक सप्ताह पहले दिये थे । राम कुमार इन दोनो पहचान पत्रो को बनवाने के लिए 1000 रू0 (एक हजार रू0) मांग रहा है । मै रिश्वत नही देना चाहता परन्तु रामकुमार मुझे रिश्वत देने के लिए मजबूर कर रहा है । मै रंगे हाथो पकड़वाना चाहता हूॅ । कृपा करके कानूनी कार्यवाही की जाये । कृष्ण लाल पुत्र जनकराज गांव रटौली जिला यमुनानगर मो0न0 0996092100। **कार्यवाही पुलिसः–** इस समय मन निरीक्षक हाजिर दफतर हूॅ और

कृष्ण लाल पुत्र जनकराज गांव रटौली जिला यमुनानगर ने हाजिर यूनिट आकर उपरोक्त दरखास्त मन निरीक्षक को पेश की है । जो दरखास्त से सरेदस्त जुर्म 7 पी0सी0एक्ट का सरजद होना पाया जाता है जिस पर तहरीर हजा बराये कायमी मुकदमा बदहस्त सि0 शीशपाल न0 408 अम्बाला के अरसाल थाना है बाद कायमी मुकदमा पर्चा न0 से सूचित किया जावे और स्पैशल रिपोर्ट मुकदमा हजा बजरिया स्पैशल मैसन्जर सेवा मे ईलाका मैजीस्ट्रेट वा अफसरान बाला को भिजवाई जावे । मन निरीक्षक मय ई.ए.एस.आई रामेश्वर दास न0 58 कुरूक्षेत्र, ए.एस.आई रघुबीर सिंह न0 180 अम्बाला, एच.सी.मशरूफ अली न0 2106 गुड़गांव, ई.एच.सी0 परमीत कुमार न0 774 अम्बाला, ई.एच.सी सीताराम न0 1045 अम्बाला बा सवारी गाड़ी सरकारी न0 एच0आर0–68–8130 टाटा सूमो जीप चालक ई.एच.सी. सतीश कुमार न0 261 कुरूक्षेत्र है, मय मुदई कृष्ण लाल के बराये करने पूरी औपचारिकतायें रेड रवाना उपायुक्त कार्यालय यमुनानगर का होता हूँ रेडिंग किट, तफतीशी बैग हमरा लिया गया और अफसरान बाला को सुचित किया गया । **हस्ताक्षरः–** सतनारायण Inspector State Vigilance Bureau,Sub-Unit. Distt. Yamuna Nagar at: 4.15 PM. **अज SVB YNR. अज थानाः–** मन ए.एस.आई को एक लिखित तहरीर निरीक्षक उपकेन्द्र रा0चौ0ब्यूरो, यमुनानगर से प्राप्त होने पर उपरोक्त लेख पर अभियोग जेरेधारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 दर्ज रजिस्टर करके नकुलात प्रथम सूचना रिपोर्ट तैयार करके स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मैजीस्ट्रेट यमुनानगर की सेवा मे व असल मिसल पुलिस मय तहरीर बदस्त आरिन्दा सिपाही शीशपाल न0 408 अम्बाला के निजद निरीक्षक सतनारायण उपकेन्द्र रा0चौ0ब्यूरो, यमुनानगर को बर मौका भेजी जा रही है व स्पैशल रिपोर्ट अफसरान बाला को बजरिया डाक भेजी जा रही है ।

हस्ताक्षर

ए.एस.आई.ऋषिपाल न0 274/आर0 अम्बाला,
थाना राज्य चौकसी ब्यूरो, पंचकूला।